	(ii) The governments followed preferential policies that favored Sinhala applicants for university positions and government jobs. (iii) A new constitution stipulated that the state shall protect and foster Buddhism. (iv) Majoritarianism gradually increased the feeling of alienation among Sri Lankan Tamils. (v) They felt the Constitution and the government policies denied them equal political rights. (vi) The relations between the Sinhala and Tamil Communities remained strained over time. (vii) They launched parties and struggles for the recognition of Tamil as an official language. (viii) They demanded regional autonomy and equality of opportunity in securing education and jobs. (ix) But their demands were repeatedly denied. (x) Any other relevant point **Any five points to be explained.** **OR** **(b) "Power sharing increases trust between different groups." Support the statement.** (i) The basic principle of democracy is that people are the source for all political power. (ii) Everyone has a voice in shaping public policies. (iii) Power sharing helps to reduce the possibility of conflicts. (iv) Power sharing is the very spirit of democracy. (v) Belgium is the prime example of power sharing. (vi) Power sharing gives space to social groups such as religious and linguistic groups.	**08 P**	**5X1=5**

	(vii) Interest groups, pressure groups like traders, and industrialists influence power sharing. (viii) Power sharing gives minority communities fair share in power. (ix) Power sharing accommodates social diversity. (x) Any other relevant point **Any five points to be explained.**		
32	**(a) Explain the main features of alluvial soil.** (i) Alluvial soil have been deposited by three important Himalayan river systems– the Indus, the Ganga and the Brahmaputra. (ii) The alluvial soil consists of various proportions of sand, silt and clay. (iii) As we move inlands towards the river valleys, soil particles appear somewhat bigger in size. (iv) In the upper reaches of the river valley i.e. near the place of the break of slope, the soils are coarse, commonly found in piedmont plains such as Duars, Chos and Terai. (v) According to their age alluvial soils can be classified as old alluvial (Bangar) and new alluvial (Khadar). (vi) The bangar soil has higher concentration of kanker nodules than the Khadar. Khadar has more fine particles and is more fertile than the bangar. (vii) Mostly these soils contain adequate proportion of potash, phosphoric acid and lime, ideal for the growth of sugarcane, paddy, wheat and other cereal and pulse crops. (viii) Due to its high fertility, regions of alluvial soils are intensively cultivated and densely populated. (ix) Any other relevant point**.** **Any five points to be explained** **OR**	**07 G**	**5x1=5**

	(b)Explain the various stages of resource planning and its need in India. Resource planning is a complex process which involves: (i) Identification and inventory of resources across the regions of the country. (ii) This involves surveying, mapping and qualitative and quantitative estimation and measurement of the resources. (iii) Evolving a planning structure endowed with appropriate technology, skill and institutional set up for implementing resource development plans. (iv) Matching the resource development plans with overall national development plans. (v) India has made concerted efforts for achieving the goals of resource planning. (vi) Any other relevant point. **Any three points to be assessed.** **Need in India:** (i) Resources are essential for development. (ii) Technology and quality human resources are prerequisites for development of any region. (iii) Uneven distribution of resources. (iv) Any other relevant point. **Any two points to be assessed.** **To be assessed as a whole.**	**03 G**	**3+2=5**
33	**(a) How did easy access to books develop a new culture of reading during the 18th century? Analyze.** (i) Printing reduced the cost of books. (ii) The time and labour required to produce each book came down, and multiple copies could be produced with greater ease making books available easily. (iii) Books flooded the market, reaching out to an ever-growing readership.	**111H**	**5X1=5**

	(iv) Access to books created a new culture of reading. (v) Common people lived in a world of oral culture. (vi) They heard sacred texts read out, ballads recited, and folk tales narrated. (vii) Knowledge was transferred orally. (viii) People collectively heard a story or saw a performance. (ix) Now books could reach out to wider sections of people. (x) If earlier there was a hearing public, now a reading public came into being. (xi) But the transition was not so simple. they had to keep in mind the wider reach of the printed work. (xii) Even those who did not read could certainly enjoy listening to books being read out. (xiii) So printers began publishing popular ballads and folk tales, and such books would be profusely illustrated with pictures. (xiv) These were then sung and recited at gatherings in villages and in taverns in towns. (xv) Oral culture thus entered print and printed material was orally transmitted. (xvi) Any other relevant point. **Any five points to be analyzed.** **OR** **(b)How did printing technology affect the lives of Indian women? Analyze.** (i) Lives and feelings of women began to be written in particularly vivid and intense ways. (ii) Women's reading, therefore, increased enormously in middle class homes. (iii) Liberal husbands and fathers began educating their womenfolk at home, and sent them to schools when	**124H**	**5X1=5**

		women's schools were set up in the cities and towns after the mid-nineteenth century. (iv) Many journals began carrying writings by women and explained why women should be educated. (v) They also carried a syllabus and attached suitable reading matter which could be used for home-based schooling. But not all families were liberal. (vi) Conservative Hindus believed that a literate girl would be widowed and Muslims feared that educated women would be corrupted by reading Urdu romances. (vii) Sometimes, rebel women defied such prohibition. We know the story of a girl in a conservative Muslim family of north India who secretly learnt to read and write in Urdu. (viii) Her family wanted her to read only the Arabic Quran which she did not understand. (ix) In East Bengal, in the early nineteenth century, Rashsundari Debi, a young married girl in a very orthodox household, learnt to read in the secrecy of her kitchen. (x) Later, she wrote her autobiography Amar Jiban which was published in 1876. It was the first full-length autobiography published in the Bengali language. (xi) Since social reforms and novels had already created a great interest in women's lives and emotions. (xii) From the 1860s, a few Bengali women like Kailashbashini Debi wrote books highlighting the experiences of women – about how women were imprisoned at home, kept in ignorance, forced to do hard domestic labour and treated unjustly by the very people they served. (xiii) In the 1880s, in present-day Maharashtra, Tarabai Shinde and Pandita Ramabai wrote with passionate anger.		

	(xiv) Any other relevant point. **Any five points to be analyzed.**		
	Section E **CASE BASED/SOURCE BASED QUESTIONS**		**3X4=12**
34	**Read the following source carefully and answer the questions that follow:** **The Independence Day Pledge, 26 January 1930** "We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We also believe that if any government deprives people of these rights and oppresses them, the people have a further right to alter it or abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence." **34.1. Why was swaraj considered as an inalienable right of India? (1)** (i) Swaraj was considered a necessary condition for the freedom and development of every Indian. (ii) Any other relevant point **Any one point to be explained** **34.2. Which type of government is supported in the source? (1)** (i) Democratic and independent government. (ii) Any other relevant point **Any one point to be explained.** **34.3. Explain any two effects of British rule in India. (2)**	**39 H**	**1+1+2=4**

	(i) The British rule in India ruined it economically, politically, culturally and spiritually. (ii) The British Government in India deprived the Indian people of their freedom. (iii) They exploited the people. (iv) Any other relevant point **Any two points to be mentioned.**		
35	**Read the following source carefully and answer the questions that follow:** **The Need for Political Parties** As we have seen, large societies need representative democracy. As societies became large and complex, they also needed some agency to gather different views on various issues and to present these to the government. They needed some ways to bring various representatives together so that a responsible government could be formed. They needed a mechanism to support or restrain the government, make policies, justify or oppose them. Political parties fulfil these needs that every representative government has. We can say that parties are a necessary condition for a democracy. **35.1 Explain the meaning of 'representative democracy' (1)** (i) Representative democracy is a system of government when the citizens/ public of a country choose their leader/representative on their behalf. (ii) It is also known as indirect democracy. (iii) Any other relevant point **Any one point to be explained.** **35.2 How do political parties shape public opinion? (1)** (i) They raise and highlight issues. (ii) Parties sometimes also launch movements for the resolution of problems faced by people. (iii) Often opinions in the society crystallise on the lines parties take. (iv) Any other relevant point **Any one point to be explained.** **35.3 Why are political parties considered a necessary condition for a democracy? Explain. (2)**	**50P**	**1+1+2=4**

	(i) Parties are the pillars of democracy. (ii) They needed a mechanism to support or restrain the government, make policies, justify or oppose them. (iii) Political parties fulfil these needs that every representative government has. (iv) Any other relevant point **Any two points to be explained.**		
36	**Read the following source carefully and answer the questions that follow:** **Loans from Cooperatives** Besides banks, the other major source of cheap credit in rural areas are the co-operative societies. Members of a co-operative pool their resources for co-operation in certain areas. There are several types of co-operatives possible such as farmers co-operatives, weavers co-operatives, industrial workers co-operatives etc. Krishak Co-operative functions in a village not very far away from Sonpur. It has 2300 farmers as members. It accepts deposits from its members. With these deposits as collateral, the co-operative has obtained a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. Once these loans are repaid, another round of lending can take place. Krishak Co-operative provides loans for the purchase of agriculture equipment's, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for constructions of houses and for variety of other expenses. **36.1 Which sector includes credit facilities offered by Co-operative Societies? (1)** - **Formal Source of Credit** **36.2 How do Self-Help Groups access external funding? (1)** - Banks/Cooperatives/Government **36.3 Explain the functioning of Co-operative Societies. (2)**	**47E**	**1+1+2=4**


	(i) Members of a cooperative pool their resources for cooperation in certain areas. (ii) There are several types of cooperatives possible such as farmers cooperatives, weavers cooperatives, industrial workers cooperatives, etc. (iii) For example Krishak Cooperative functions in a village not very far away from Sonpur. (iv) The Cooperative obtains a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. (v) Once these loans are repaid, another round of lending can take place. (vi) Krishak Cooperative provides loans for the purchase of agricultural implements, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for construction of houses and for a variety of other expenses. (vii) Any other relevant point **Any two points to be explained.**		
	Section F **(Map Skill-Based Question)**		**(2+3=5)**
37	(a) **Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them.** A. The place where the session of Indian National Congress took place in 1927. **- Madras (Chennai)** B. The place where Mahatma Gandhi led the movement of cotton mill workers. - **Ahmedabad**		**1** **1**

	(**FOR ANSWERS, PLEASE SEE THE ATTACHED MAP)** ***Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(a).*** **37. (a)** (i) Name the place where the session of Indian National Congress took place in 1927. - **Madras (Chennai)** (ii) Name the place where Mahatma Gandhi led the movement of cotton mill workers. - **Ahmedabad**		**1X2=2** **1x3=3**
	37. (b) On the same outline map of India locate and label any three of the following with suitable symbols: (i) An International Airport located in Punjab **(ii)** A major Sea port located in Gujarat. (iii) A major oil field of India located in Arabian Sea. (iv) A Nuclear Power Plant located in Uttar Pradesh. (**FOR ANSWERS, PLEASE SEE THE ATTACHED MAP)** ***Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(b). (Attempt three)*** ***37.(b)*** (i) Name the place where an international airport is located in Punjab. - **Shri Guru Ramdas Ji International Airport/Raja Sansi (Amritsar)** (ii) Name the place where major seaport is located in Gujarat. - **Kandala Port (Deendayal Port)** (iii) Name an oilfield of India located in Arabian sea. - **Mumbai High/ Bassein**		**1x3=3**

	(iv) Name the place where nuclear power plant located in Uttar Pradesh. - **Naraura**		

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **37**

32/6/1/2/3.



भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)

	Marking Scheme **Strictly Confidential** **(For Internal and Restricted use only)** **Secondary School Examination February - 2025** **SUBJECT NAME: Social Science SUBJECT CODE 087 PAPER CODE 32/6/2**
	General Instructions: -
1.	You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully.
2.	**"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."**
3.	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class-X, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4.	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5.	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6.	Evaluators will mark (√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓) while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7.	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8.	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9.	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10.	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11.	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12.	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).

13.	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14.	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15.	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16.	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17.	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18.	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

Marking Scheme
Class X -Social Science (087)
SET-32/6/2

सेट -2 **अधिकतम अंक-80**

प्रश्न	मूल्य बिंदु	पृष्ठ सं.	अंक
	खण्ड क **(बहुविकल्पीय प्रश्न)**		**(20X1= 20)**
1	(A) दोनों (A) एवं (R) सही है एवं (R), (A) की सही व्याख्या है।	03P	1
2	(B) तेलुगू देशम-साइकिल- आन्ध्र प्रदेश	56P	1
3	(D) मुद्रा, संचार और प्रतिरक्षा	16P	1
4	(C) केवल I, II व IV सही हैं।	19P	1
5	(A) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़वा देता है।	70-71P	1
6	(B) केवल I, III व IV सही हैं।	04-05P	1
7	(D) मध्य प्रदेश	15G	1
8	(C) लिग्नाइट कोयला	50G	1
9	(C) जूट	38G	1
10	(A) गाँधी सागर- चंबल	24G	1
11	(A) केवल I, III और IV सही हैं।	49 E	1
12	(D) विश्व बैंक	08 E	1
13	(C) केवल I, III और IV सही हैं।	64 E	1
14	(D) रोज़गार देने में असफल रहने रहने पर सरकार लाभार्थियों को बेरोज़गारी भत्ता प्रदान करती है।	29 E	1
15	(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।	40 E	1
16	(D) भारतीय डाक सेवा	33-34E	1
17	(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii	121-122H	1
18	(B) IV, II, III और I	37,38, 39,41 H	1
19	(B) सोने का शहर	55H	1

20	**(B) II, III और I**	**21H**	**1**
	खण्ड ख **(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X2=8)**
21	**भारत में रॉलेट एक्ट का विरोध क्यों किया गया? स्पष्ट कीजिए।** (i) गाँधी जी ने **1919** में प्रस्तावित रॉलट एक्ट के ख़िलाफ एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आंदोलन चलाने का फैसला लिया। (ii) भारतीय सदस्यों के भारी विरोध के बावजूद इस कानून को इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल ने बहुत जल्दबाजी में पारित कर दिया था। (iii) इस कानून के जरिए सरकार को राजनीतिक गतिविधियों को कुचलने का अधिकार मिल गया (iv) इसके द्वारा राजनीतिक कैदियों को दो साल तक बिना मुकदमा चलाए जेल में बंद रखने का अधिकार मिल गया था। (v) महात्मा गाँधी ऐसे अन्यायपूर्ण कानूनों के ख़िलाफ अहिंसक ढंग से नागरिक अवज्ञा चाहते थे। इसे 6 अप्रैल को एक हड़ताल से शुरू होना था। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**31 H**	**2X1=2**
22	**उर्जा के गैर- परंपरागत स्रोतों को अपनाना क्यों आवश्यक है? स्पष्ट कीजिए।** (i) उर्जा के बढ़ते उपभोग ने देश को कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्मी ईंधनों पर अत्यधिक निर्भर कर दिया है। (ii) गैस व तेल की बढ़ती कीमतों तथा इनकी संभाव्य कमी ने भविष्य में ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के प्रति अनिश्चितताएँ उत्पन्न कर दी हैं। (iii) इसके राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। (iv) इसके अतिरिक्त जीवाश्मी ईंधनों का प्रयोग गंभीर पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न करता है। (v) नवीकरणीय योग्य ऊर्जा संसाधनों जैसे- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, जैविक ऊर्जा तथा अवशिष्ट पदार्थ जनित ऊर्जा के उपयोग की बहुत जरूरत है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**54G**	**2X1=2**
23	**(a) भारतीय संविधान में वर्णित पंथनिरपेक्षता को बढ़ावा देने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए।** (i) भारतीय राज्य ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है। (ii) भारत का संविधान किसी धर्म को विशेष दर्ज़ा नहीं देता है।	**37-38P**	**2X1=2**

	(iii) संविधान सभी नागरिकों और समुदायों को किसी भी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की आज़ादी देता है। (iv) संविधान धर्म के आधार पर किए जाने वाले किसी तरह के भेदभाव को अवैधानिक घोषित करता है। (v) इसके साथ ही संविधान धार्मिक समुदायों में समानता सुनिश्चित करने के लिए शासन सुनिश्चित कने के लिए शासन को धार्मिक मामलों में दखल देने का अधिकार देता है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)** **अथवा** **(b) महिलाओं की सार्वजनिक जीवन में भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु कोई दो उपाय सुझाइए।** (i) महिलाओं में साक्षरता दर बढ़ाना। (ii) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना। (iii) समान मजदूरी अधिनियम का सख्ती से पालन करना। (iv) महिलाओं को सार्वजनिक/ राजनीतिक जीवन में बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। (v) उदाहरण के लिए 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**32-33-35 P**	**2x1=2**
24	**सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार बढ़ावा दिया? स्पष्ट कीजिए।** (i) विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है। (ii) प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति वह मुख्य कारक है जिसने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया। (iii) विगत पचास वर्षों में परिवहन प्रौद्योगिकी में बहुत उन्नति हुई है। इसने लम्बी दूरियों तक वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति को कम लागत पर संभव किया है (iv) इससे भी अधिक उल्लेखनीय है सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का विकास। (v) उदाहरण के लिए-संचार उपग्रह उपकरण , मोबाइल फोन, फैक्स आदि। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**62-63E**	**2X1=2**

	खण्ड ग (लघु-उत्तरीय प्रश्न)		(5X3= 15)
25	**अंतिम वस्तुओं और सेवाओं की गणना किस प्रकार की जाती है? एक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।** (i) किसी विशेष वर्ष में प्रत्येक क्षेत्रक द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य, उस वर्ष में क्षेत्रक के कुल उत्पादन की जानकारी प्रदान करता है। (ii) तीनों क्षेत्रकों के उत्पादनों के योगफल को देश का सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं। यह किसी देश के भीतर किसी विशेष वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है। (iii) यहाँ एक सावधानी बरतने की जरूरत है। उत्पादित और बेची गई प्रत्येक वस्तु या सेवा की गणना करने की जरूरत नहीं है। (iv) केवल अंतिम वस्तुओं और सेवाओं की गणना का ही औचित्य है। जैसे, एक किसान किसी आटा-मिल को ₹20 प्रति कि.ग्रा. की दर से गेहूँ बेचता है। मिल में गेहूँ की पिसाई होती है और बिस्कुट कंपनी को आटा ₹25 प्रति कि.ग्रा. की दर से बेचा जाता है। (v) बिस्कुट कंपनी आटा के साथ चीनी एवं तेल जैसी चीजों का उपयोग करती है और बिस्कुट के चार पैकेट बनाती है। वह बाजार में उपभोक्ताओं को ₹80 में ₹20 प्रति पैकेट बिस्कुट बेचती है। (vi) अतः बिस्कुट ही अंतिम उत्पाद है, अर्थात् वह वस्तु जो उपभोक्ताओं तक पहुँचती है। अंतिम वस्तुओं के मूल्य में मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य पहले से ही शामिल होता है। (vii) अंतिम वस्तु के मूल्य ₹80 में पहले से ही आटा का मूल्य ₹25 शामिल है। (viii) इसी प्रकार अन्य सभी मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य भी शामिल होगा। (ix) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**	**22E**	**3X1=3**
26	**"यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरूआती दशकों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित विचार उदारवाद से करीब से जुड़े थे।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) नए मध्य वर्गों के लिए उदारवाद का मतलब था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी। (ii) राजनीतिक रूप से उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो सहमति से बनी हो। (iii) फ्रांसीसी क्रांति के बाद से उदारवाद निरंकुश शासक और पादरी वर्ग के विशेषाधिकारों की समाप्ति, संविधान तथा संसदीय प्रतिनिधि सरकार का पक्षधर था। (iv) उन्नीसवीं सदी के उदारवादी निजी संपत्ति के स्वामित्व की अनिवार्यता पर भी बल देते थे।	**9H**	**3X1=3**

	(v) आर्थिक क्षेत्र में उदारवाद, बाज़ारों की मुक्ति के पक्ष में था। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**		
27	**(a) जल प्रदूषण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए।** (i) उद्योगों द्वारा कार्बनिक तथा अकार्बनिक अपशिष्ट पदार्थों के नदी में छोड़ने से जल प्रदूषण फैलता है। (ii) जल प्रदूषण के प्रमुख कारक - कागज, लुग्दी, रसायन, वस्त्र, तथा रंगाई उद्योग, तेल शोधन शालाएँ, चमड़ा उद्योग तथा इलैक्ट्रोप्लेटिंग उद्योग हैं। (iii) ये उद्योग रंग, अपमार्जक, अम्ल, लवण तथा भारी धातुएँ जैसे सीसा, पारा, कीटनाशक, उर्वरक, कार्बन, प्लास्टिक और रबर सहित कृत्रिम रसायन आदि जल में वाहित करते हैं। (iv) भारत के मुख्य अपशिष्ट पदार्थों में फ्लाई एश, फोस्पफो-जिप्सम तथा लोहा-इस्पात की अशुद्धियाँ हैं। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**66 G**	**3X1=3**
	अथवा		
	(b) वायु प्रदूषण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए। (i) अधिक अनुपात में अनचाही गैसों की उपस्थिति जैसे सल्पफर डाइऑक्साइड तथा कार्बन मोनोऑक्साइड वायु प्रदूषण का कारण है। (ii) वायु में निलंबित कणनुमा पदार्थों में ठोस व द्रवीय दोनों ही प्रकार के कण होते हैं जैसे- धूलि, स्प्रे, कुहासा तथा धुआँ। (iii) रसायन व कागज उद्योग, ईंटों के भट्टे, तेल शोधनशालाएँ, प्रगलन उद्योग, जीवाश्म ईंधन दहन तथा छोटे-बड़े कारखाने प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करते हुए धुआँ निष्कासित करते हैं। (iv) जहरीली गैसों का रिसाव बहुत भयानक तथा दूरगामी प्रभावों वाला हो सकता है। (v) वायु प्रदूषण, मानव स्वास्थ्य, पशुओं, पौधों, इमारतों तथा पूरे पर्यावरण पर दुष्प्रभाव डालते हैं। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**66G**	**3X1=3**

28	**संघात्मक और एकात्मक शासन व्यवस्था के मध्य उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए।** **संघात्मक शासन प्रणाली**: (i) सरकार के दो या दो से अधिक स्तर। (ii) केंद्र सरकार और राज्य सरकार समन्वय के साथ काम करती हैं। (iii) सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। (iv) सत्ता के विभिन्न स्तरों के बीच शक्तियों का संतुलन होता है। (v) उदाहरण के लिए: बेल्जियम/यू.एस.ए. (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **एकात्मक शासन प्रणाली:** (i) सरकार का केवल एक ही स्तर होता है, (ii) राज्य सरकार केंद्र सरकार की उप-इकाइयों की तरह काम करती हैं। (iii) सारी शक्तियाँ केंद्र सरकार में निहित हैं अतः सत्ता का केन्द्रीकरण होता है। (iv) केंद्र सरकार का पूर्ण नियंत्रण होता है। (v) उदाहरण के लिए: श्रीलंका (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**15 P**	**3X1=3**
29	**गहन जीविका कृषि की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।** (i) इस प्रकार की कृषि उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है। (ii) यह श्रम-गहन खेती है। (iii) अधिक उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में जैव- रासायनिक निवेशों और सिंचाई का प्रयोग किया जाता है। (iv) भूस्वामित्व में विरासत के अधिकार के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी जोतों का आकार छोटा और अलाभप्रद होता जा रहा है। (v) किसान वैकल्पिक रोजगार न होने के कारण सीमित भूमि से अधिकतम पैदावार लेने की कोशिश करते हैं। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**	**31G**	**3X1=3**
	खण्ड घ **(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X5= 20)**

30	**(a) "विकास के लक्ष्य परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं।" उदाहरणों के माध्यम से कथन की परख कीजिए।** (i) विभिन्न व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य अलग-अलग हो सकते हैं और जो एक के लिए विकास हो सकता है, वह दूसरे के लिए विकास नहीं हो सकता। (ii) यह दूसरे के लिए विनाशकारी भी हो सकता है। उनमें से प्रत्येक अलग-अलग चीज़ें पाना चाहता है। (iii) वे ऐसी चीजों की तलाश करते हैं जो उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, अर्थात, वे चीज़ें जो उनकी आकांक्षाओं या इच्छाओं को पूरा कर सके। (iv) कई बार, दो व्यक्ति या दो गुट ऐसी चीजे चाह सकते हैं जो विरोधाभासी/विरोधी हों। (v) एक लड़की अपने भाई के समान स्वतंत्रता और अवसर की आशा करती है, और यह भी कि वह घरेलू काम में भाग ले। उसके भाई को यह पसंद नहीं आ सकता। (vi) इसी तरह, अधिक बिजली प्राप्त करने के लिए, उद्योगपति ज्यादा बाँध चाहते हैं लेकिन इससे भूमि जलमग्न हो सकती है और उन लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो सकता है जो बेघर हो जाएं। (vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की परख अपेक्षित है।)** **अथवा** **(b) विभिन्न देशों के मध्य तुलना करने के लिए औसत आय के महत्व एवं सीमाओं की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।** **महत्व**: (i) औसत आय को प्रति व्यक्ति आय के रूप में भी जाना जाता है। (ii) यह जनसंख्या के भीतर जीवन स्तर की मूलभूत समझ प्रदान करता है, जो प्रति व्यक्ति औसत आय की राशि को दर्शाता है। (iii) यह विकास का एक संकेतक है जो लोगों के बीच उच्च जीवन स्तर को दर्शाता है। (iv) 2019 में प्रति व्यक्ति आय 49,300 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष और उससे अधिक वाले देशों को उच्च आय या समृद्ध देश कहा जाता है। (v) जिन देशों की प्रति व्यक्ति आय 2500 अमेरिकी डॉलर या उससे कम है, उन्हें निम्न-आय वाले देश कहा जाता है। (vi) भारत निम्न मध्य आय वाले देशों की श्रेणी में आता है क्योंकि 2019 में इसकी प्रति व्यक्ति आय केवल 6700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष थी।	**05E** **08-09E**	**5X1=5** **2+3=5**

	(vii) समृद्ध देशों को, मध्य पूर्व के देशों और कुछ अन्य छोटे देशों को छोड़कर, सामान्यतः विकसित देशों के रूप में जाना जाता है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **सीमाएँ**: (i) औसत आय आर्थिक विकास का एक विश्वसनीय संकेतक नहीं है। (ii) औसत आय व्यक्तिगत भिन्नताओं पर विचार नहीं करती। (iii) औसत आय तुलना के लिए उपयोगी है लेकिन असमानताओं को भी छिपाती है। (iv) औसत आय जीवन स्तर की गुणवत्ता को नहीं दर्शाती है। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **(समग्र रूप से मूल्यांकन किया जाना है।)**		
31	**(a) "1956 में बनाए गए क़ानून और अन्य संवैधानिक प्रावधानों ने श्रीलंका में दो समुदायों के बीच बड़े टकराव का रूप ले लिया।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।** (i) 1956 में एक क़ानून बनाया गया जिसके तहत तमिल को दरकिनार करके सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित कर दिया गया। (ii) विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों में सिंहलियों को प्राथमिकता देने की नीति भी चली। (iii) नए संविधान में यह प्रावधान भी किया गया कि सरकार बौद्ध मत को संरक्षण देगी। (iv) इस सरकारी फैसलों ने श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी और शासन को लेकर उनमें बेगानापन बढाया। (v) उन्हें लगा की संविधान और सरकार की नीतियाँ उन्हें सामान राजनीतिक अधिकारों से वंचित कर रही थी। (vi) तमिल और सिंहली समुदायों के संबंध बिगड़ते चले गए। (vii) श्रीलंकाई तमिलों ने अपनी राजनीतिक पार्टियां बनाई और तमिल को राजभाषा बनाने के लिए संघर्ष किया। (viii) उन्होंने क्षेत्रीय स्वायत्तता तथा शिक्षा और रोज़गार में सामान अवसरों की माँग की। (ix) लेकिन उनकी माँगों को लगातार नाकारा गया। (x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की पुष्टि अपेक्षित है।)**	**03-04 P**	**5X1=5**

	अथवा **(b) सत्ता मे साझेदारी विभिन्न समूहों के मध्य विश्वास को बढाती है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।** (i) लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत हैं। (ii) सत्ता की साझेदारी जनमत निर्माण में योगदान देती है। (iii) सत्ता की साझेदारी समूहों के बीच संघर्ष की संभावना को कम करने में मदद करती है। (iv) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है। (v) बेल्जियम सत्ता की साझेदारी का प्रमुख उदाहरण है। (vi) सत्ता का बंटवारा विभिन्न सामाजिक समूहों, मसलन भाषायी और धार्मिक समूहों के बीच भी हो सकता है। (vii) विभिन्न प्रकार के दबाब समूह और आन्दोलनों द्वारा शासन और आन्दोलनों द्वारा शासन को प्रभावित और नियंत्रित किया जाता है। (viii) सत्ता में साझेदारी अल्पसंख्यक समुदायों को सत्ता में बेहतर प्रतिनिधि प्रदान करता है। (ix) सत्ता की साझेदारी सामाजिक विविधता को आत्मसात करती है। (x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**08 P**	**5X1=5**
32	**(a) जलोढ़ मृदा की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।** (i) जलोढ़ मृदाएँ हिमालय की तीन महत्त्वपूर्ण नदी तंत्रों सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा लाए गए निक्षेपों से बनी हैं। (ii) जलोढ़ मृदा में रेत, सिल्ट और मृत्तिका के विभिन्न अनुपात पाए जाते हैं। (iii) जैसे हम नदी के मुहाने से घाटी में ऊपर की ओर जाते हैं मृदा के कणों का आकार बढ़ता चला जाता है। (iv) नदी घाटी के उपरी भाग में, जैसे ढाल भंग के समीप मोटे कण वाली मृदाएँ पाई जाती हैं। ऐसी मृदाएँ पर्वतों की तलहटी पर बने मैदानों जैसे द्वार, 'चो' क्षेत्र और तराई में आमतौर पर पाई जाती हैं। (v) आयु के आधार पर जलोढ़ मृदाएँ दो प्रकार की हैं- पुराना जलोढ़ (बांगर) और नया जलोढ़ (खादर)। (vi) बांगर मृदा में 'कंकड़' ग्रंथियों की मात्रा ज्यादा होती है। खादर मृदा में बांगर मृदा की तुलना में ज्यादा महीन कण पाए जाते हैं और ये बहुत उपजाऊ होती हैं।	**07 G**	**1x5=5**

	(vii) अधिकतर जलोढ़ मृदाएँ पोटाश, फास्फोरस और चूनायुक्त होती हैं जो इनको गन्ने, चावल, गेहूँ और अन्य अनाजों और दलहन फसलों की खेती के लिए उपयुक्त बनाती है। (viii) अधिक उपजाऊपन के कारण जलोढ़ मृदा वाले क्षेत्रों में गहन कृषि की जाती है और यहाँ जनसंख्या घनत्व भी अधिक है। (ix) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)** **अथवा**		
	(b) भारत में संसाधन नियोजन के विभिन्न सोपान एवं इसकी आवश्यकताओं की व्याख्या कीजिए। संसाधन नियोजन एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें निम्नलिखित सोपान हैं : (i) देश के विभिन्न प्रदेशों में संसाधनों की पहचान कर उनकी तालिका बनाना। (ii) इस कार्य में क्षेत्रीय सर्वेक्षण, मानचित्र बनाना और संसाधनों का गुणात्मक एवं मात्रात्मक अनुमान लगाना व मापन करना है। (iii) संसाधन विकास योजनाएँ लागू करने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी, कौशल और संस्थागत नियोजन ढाँचा तैयार करना। (iv) संसाधन विकास योजनाओं और राष्ट्रीय विकास योजना में समन्वय स्थापित करना। (v) स्वाधीनता के बाद भारत में संसाधन नियोजन के प्रयास किए गए। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **भारत में इसकी आवश्यकता**: (i) विकास के लिए संसाधनों की उपलब्धता अनिवार्य है। (ii) प्रौद्योगिकी और संस्थाओं में तदनरूपी परिवर्तनों के अभाव में मात्र संसाधनों की उपलब्धता से ही विकास संभव नहीं है। (iii) संसाधनों का असमान वितरण। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **(समग्रता में मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित है।)**	**03 G**	**3+2=5**

33	**(a) 18वीं शताब्दी के दौरान किताबों तक पहुँच आसान होने से किस प्रकार पढने की एक नयी संस्कृति विकसित हुई? विश्लेषण कीजिए।** (i) छपाई से किताबों की कीमत गिरी। (ii) किताब की हर प्रति के उत्पादन में जो वक़्त और श्रम लगता था, वह कम हो गया, और बड़ी तादाद में प्रतियाँ छापना आसान हो गया। (iii) बाज़ार किताबों से पट गई, पाठक वर्ग भी बृहत्तर होता गया। (iv) किताबों तक पहुँच आसान होने से पढ़ने की एक नयी संस्कृति विकसित हुई। (v) अब तक आमलोग मौखिक संसार में जीते थे। (vi) वे धार्मिक किताबों का वाचन सुनते थे, गाथा-गीत उनको पढ़कर सुनाए जाते थे, और किस्से भी उनके लिए बोलकर पढ़े जाते थे। (vii) ज्ञान का मौखिक लेन-देन ही होता था। (viii) लोग-बाग समूह में ही दास्तान सुनते, या कोई आयोजन देखते, आए थे। (ix) अब किताबें समाज के व्यापक तबकों तक पहुँच सकती थी। (x) अगर पहले की जनता श्रोता थी, तो कह सकते हैं कि अब पाठक-जनता अस्तित्व में आ गई थी। (xi) लेकिन यह संक्रमण सरल नहीं था। इसके लिए उन्हें मुद्रित कृति की व्यापक पहुँच का ध्यान रखना था। (xii) जो नहीं पढ़ पाते थे, वे भी बोलकर पढ़े गए को सुनकर उसका लुत्फ़ तो उठाते ही थे। (xiii) इसलिए मुद्रकों ने लोकगीत और लोककथाएँ छापनी शुरू कर दीं, और ऐसी किताबें आमतौर पर तसवीरों से ख़ूब सजी-धजी यानी सचित्र होती थीं। (xiv) इन्हें सामूहिक ग्रामीण सभाओं में या शहरी शराबघरों में गाया-सुनाया जाता था। (xv) इस तरह मौखिक संस्कृति मुद्रित संस्कृति में दाख़िल हुई, और छपी सामग्री मौखिक अंदाज़ में प्रसारित हुई। (xvi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)** **अथवा** **(b) मुद्रण तकनीक ने भारतीय महिलाओं के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया? विश्लेषण कीजिए।** (i) महिलाओं की ज़िंदगी और उनकी भावनाएँ बड़ी साफगोई और गहनता से लिखी जाने लगीं। (ii) मध्यवर्गीय घरों में महिलाओं का पढ़ना भी पहले से बहुत ज्यादा हो गया।	**111 H** **124H**	**5x1=5** **5x1=5**

	(iii) उदारवादी पिता और पति अपने यहाँ औरतों को घर पर पढ़ाने लगे, और उन्नीसवीं सदी के मध्य में जब बड़े-छोटे शहरों में स्कूल बने तो उन्हें स्कूल भेजने लगे। (iv) कई पत्रिकाओं ने लेखिकाओं को जगह दी और उन्होंने नारी-शिक्षा की शरूरत को बार-बार रेखांकित किया। (v) उनमें पाठ्यक्रम भी छपता था, और जरूरत के मुताबिक पाठ्य-सामग्री भी, जिसका इस्तेमाल घर बैठे स्कूली शिक्षा के लिए किया जा सकता था। (vi) अनेक परंपरावादी हिंदू मानते थे कि पढ़ी-लिखी कन्याएँ विध्वा हो जाती हैं, और इसी तरह दकियानूसी मुसलमानों को लगता था कि उर्दू के रूमानी अफसाने पढ़कर औरतें बिगड़ जाएँगी। (vii) कभी-कभार बाग़ी औरतों ने इन प्रतिबंधें को अस्वीकार भी किया। हमें उत्तर भारत के मुसलमान परिवार की एक ऐसी लड़की की कहानी पता है, जिसने गुपचुप ढंग से न सिर्फ पढ़ना सीखा, बल्कि लिखा भी। (viii) उसके खानदान वाले चाहते थे कि वह सिर्फ अरबी कुरान पढ़े, जो कि उसके पल्ले नहीं पड़ता था। (ix) उन्नीसवीं सदी के प्रारंभ में, कट्टर रूढ़िवादी परिवार में ब्याही कन्या राशसुन्दरी देबी ने रसोई में छिप-छिप कर पढ़ना सीखा। (x) बाद में चलकर उन्होंने 'आमार जीबन' नामक आत्मकथा लिखी, जो 1876 में प्रकाशित हुई। यह बंगाली भाषा में प्रकाशित पहली संपूर्ण आत्म-कहानी थी। (xi) चूँकि सामाजिक सुधरों और उपन्यासों ने पहले ही नारी जीवन और भावनाओं में दिलचस्पी पैदा कर दी थी। (xii) कैलाशबाशिनी देवी जैसी महिलाओं ने 1860 के दशक से महिलाओं के अनुभवों पर लिखना शुरू किया- कैसे वे घरों में बंदी और अनपढ़ बनाकर रखी जाती हैं, कैसे वे घर-भर के काम का बोझ उठाती हैं, और जिनकी सेवा वे करती हैं, वही उन्हें कैसे दुत्कारते हैं। (xiii) आज जो महाराष्ट्र है वहाँ 1880 के दशक में ताराबाई शिंदे और पंडिता रमाबाई ने उच्च जाति की नारियों की दयनीय हालत के बारे में जोश और रोष से लिखा। (xiv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**		
	खण्ड ङ **(केस/ स्रोत आधारित प्रश्न)**		**3X4=** **12**

34	**निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **स्वतंत्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी 1930** "हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आजादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हो, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें । हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है । भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है । इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए ।" **34.1. भारत में स्वराज को अहरणीय अधिकार क्यों माना गया? (1)** (i) प्रत्येक भारतीय के स्वतंत्रता एवं पूर्ण विकास के लिए स्वराज एक आवश्यक शर्त है। (ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।**) **34.2. स्रोत में किस प्रकार की सरकार के समर्थन का वर्णन है?** (i) स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक सरकार। (ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किसी एक बिंदु का वर्णन अपेक्षित है।**) **34.3. भारत में ब्रितानी शासन के किन्हीं दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए। (2)** (i) भारत में ब्रितानी शासन ने इसे आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बर्बाद कर दिया (ii) भारत में ब्रितानी शासन ने भारतीय लोगों को उनकी स्वतंत्रता से वंचित कर दिया। (iii) जनता का शोषण किया (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किन्हीं दो बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**39 H**	**1+1+2=4**
35	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दी गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**	**50 P**	**1+1+2=4**

राजनीतिक दलों की आवश्यकता

राजनीतिक दलों का उदय प्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के उभार के साथ जुड़ा है । हम पढ़ चुके हैं कि बड़े समाजों के लिए प्रतिनिधित्व आधारित लोकतंत्र की ज़रूरत होती है । जब समाज बड़े और जटिल हो जाते हैं तब उन्हें विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग विचारों को समेटने और सरकार की नज़र में लाने के लिए किसी माध्यम या एजेंसी की ज़रूरत होती है । विभिन्न जगहों से आए प्रतिनिधियों को साथ करने की ज़रूरत होती है ताकि एक जिम्मेवार सरकार का गठन हो सके । उन्हें सरकार का समर्थन करने या उस पर अंकुश रखने, नीतियाँ बनवाने और नीतियों का समर्थन अथवा विरोध करने के लिए उपकरणों की ज़रूरत होती है । प्रत्येक प्रतिनिधि-सरकार की ऐसी जो भी ज़रूरतें होती हैं, राजनीतिक दल उनको पूरा करते हैं । इस तरह हम कह सकते हैं कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की एक अनिवार्य शर्त हैं ।

35.1 'प्रतिनिध्यात्मक लोकतंत्र' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (1)

(i) प्रतिनिधि लोकतंत्र शासन का एक तरीका है जब किसी देश के नागरिक/जनता अपने देश पर शासन करने के लिए अपने नेता/प्रतिनिधि को चुनते हैं।

(ii) इसे अप्रत्यक्ष लोकतंत्र के नाम से भी जाना जाता है।

(iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु

(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)

35.2. राजनीतिक दल किस प्रकार जनमत का निर्माण करते हैं? (1)

(i) वे मुद्दों को उठाते हैं और उनपर बहस करते हैं।

(ii) राजनीतिक दल कभी-कभी लोगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन भी शुरू करती हैं।

(iii) अक्सर विभिन्न दलों द्वारा रखी जाने वाली राय के इर्द-गिर्द ही समाज के लोगों की राय बनती जाती है।

(iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।

(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)

35.3. राजनीतिक दलों को लोकतंत्र के लिए आवश्यक शर्त क्यों माना जाता है? व्याख्या कीजिए। (2)

(i) पार्टियाँ लोकतंत्र के स्तंभ हैं।

(ii) उन्हें सरकार का समर्थन करने या उसे नियंत्रित करने, नीतियां बनाने, उनका समर्थन अथवा विरोध करने के लिए एक तंत्र की आवश्यकता थी।


	(iii) राजनीतिक दल इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं जो प्रत्येक प्रतिनिधि सरकार की जरुरत होती हैं। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किन्हीं दो बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
36	**निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **सहकारी समितियों से ऋण** **बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य स्रोत सहकारी समितियाँ हैं । सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं । कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव हैं, जैसे – किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ । कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नजदीक एक गाँव में काम करती है । इसके 2300 किसान सदस्य हैं । यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती हैं । इस जमा पूँजी को ऋणाधार मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है । इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज देने के लिए किया जाता है । यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है ।** **कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के खर्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है ।** **36.1. सहकारी समितियों के द्वारा दिया जाने वाला ऋण किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है? (1)** - ऋण के औपचारिक स्रोत **36.2. स्वयं सहायता समूह बाह्य वित्त-पोषण किस प्रकार प्राप्त करते हैं ? (1)** - बैंक/ सहकारी समितियाँ/ सरकार **36.3. सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए ? (2)** (i) सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं। (ii) कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव है, जैसे-किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मशदूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ। (iii) उदहारण के लिए कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नजदीक एक गाँव में काम करती है।	**47 E**	**1+1+2=4**

	(iv) यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती है। इस जमा पूँजी को ऋणाधर मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है। (v) इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को क़र्ज़ देने के लिए किया जाता है। (vi) यह ऋण लौटाने के बाद क़र्ज़का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है। (vii) कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के ख़र्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(कोई दो बिंदु)**		
	खण्ड च **(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)**		**(2+3=5)**
37	**(a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में दर्शाए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए:** A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में आयोजित किया गया। **-मद्रास (चेन्नई)** B. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी जी ने मिल मजदूरों के आन्दोलन का नेतृत्व किया। -**अहमदाबाद** **(उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र देखिए।)** **नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (a) के स्थान पर है।** 37. (**a**) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ था। **- मद्रास (चेन्नई)** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी जी ने मिल मजदूरों के आन्दोलन का नेतृत्व किया। - **अहमदाबाद** **(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए:**		**1** **1** **1x2=2** **1x3=3**

	(i) पंजाब स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन (ii) गुजरात स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन (iii) अरब सागर में स्थित भारत का एक प्रमुख तेल क्षेत्र (iv) उत्तर प्रदेश स्थित एक आणविक उर्जा संयंत्र **(उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र देखिए।)** **नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (b) के स्थान पर है। किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए।** **37. (b)** (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहां पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है। - **श्रीगुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन/ राजा सांसी (अमृतसर)** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहां गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है। - **कांडला (दीनदयाल पत्तन)** (iii) अरब सागर में स्थित भारत तेल क्षेत्र का नाम लिखिए। - **मुंबई हाई/ बसीन** (iv) उत्तर प्रदेश के उस स्थान का नाम लिखिए जहां आणविक उर्जा केंद्र अवस्थित है। - **नरोरा**		**1x3=3**

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **37**

32/6/1/2/3.



भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)